प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 13.05.2025 समय : 09:10 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन मे कहा–भारत, पाकिस्तान से पीओके और आतंकवाद के अलावा किसी अन्य मुद्दे पर बातचीत नहीं करेगा।
- राज्य के सीमावर्ती इलाकों में जनजीवन सामान्य हो रहा है–आज से सभी शैक्षणिक संस्थानों को खोलने की अनुमति दी गई।
- प्रदेश आज वर्ष 2008 में जयपुर में हुए श्रृंखलाबद्ध बम धमाकों के दिवंगतों को श्रद्धाजंलि अर्पित कर रहा है।
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य में कई स्थानों पर अंधड और बारिश–आज से विक्षोभ का असर कम होने की संभावना।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद आतंकवाद से मुकाबले के लिए भारत की अटूट वचनबद्धता का उल्लेख किया है। श्री मोदी ने कल शाम राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया भारत की क्षमताओं को देख चुकी है, अब यह स्पष्ट हो चुका है कि आतंकवादी अब बख्शे नहीं जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवादी गुटों और उनके समर्थकों को एक स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत और उसके नागरिकों पर होने वाले किसी हमले का पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत पाकिस्तान से आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर–पी.ओ.के. को छोड़कर किसी अन्य मुद्दे पर बातचीत नहीं करेगा।

.....

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को अभी अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापा जायेगा कि आतंकवाद को लेकर वह क्या रवैया अपनाता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान तनाव कम करने के रास्ते खोजने लगा और बढ़ते तनाव से राहत पाने के लिए दुनिया भर से गुहार लगा रहा था। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारी नुकसान उठाने के बाद 10 मई को पाकिस्तानी सेना ने भारत के डीजीएमओ से संपर्क किया। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान ने यह आश्वासन दिया की वह भारत के खिलाफ कोई भी आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखायेगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भारत के तीन प्रमुख सुरक्षा स्तंभों का उल्लेख किया।

.....

प्रधानमंत्री ने सशस्त्र बलों, सेना, खुफिया एजेंसियों और वैज्ञानिकों को सलाम किया। उन्होंने ऑपरेशन के दौरान सशस्त्र बलों की वीरता, शौर्य और साहस को देश की प्रत्येक माता, बहन और बेटी को समर्पित किया।

0000

भारत और पाकिस्तान के बीच कल शाम सैन्य संचालन महानिदेशक–डीजीएमओ स्तर की वार्ता हुई। भारतीय सेना ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों को एक भी गोली नहीं चलानी चाहिए या एक–दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। इस बात पर भी सहमति हुई कि दोनों पक्ष सीमाओं और अग्रिम क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या में कमी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपायों पर विचार करें। भारतीय सेना ने कहा है कि वर्तमान में सीमावर्ती क्षेत्रों में कोई भी ड्रोन कार्रवाई नहीं देखी गई है और स्थिति सामान्य तथा नियंत्रण में है।

0000

ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सामान्य जनजीवन एक बार फिर से पटरी पर लौट रहा है। बीकानेर जिला मजिस्ट्रेट नम्रता वृष्णि ने ब्लैकआउट सहित सभी तरीके की पाबंदियां हटाने के निर्देश दिये है। इस आदेश के साथ ही आमजन से वर्तमान परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए सतर्क और सुरक्षित रहने की अपील भी की गई है। बाडमेर में पशुपालन और जिले के प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने कल कलक्ट्रेट सभागार में उच्चस्तरीय बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। हमारे

संवाददाता ने बताया कि इस बीच जिले में सभी तरह के शैक्षणिक संस्थान आज से नियमित रूप से संचालित करने की अनुमति दी गई है।

.....

बालोतरा और हनुमानगढ़ में भी आंगनबाडी केन्द्र और शिक्षण संस्थान पहले की तरह की नियमित शुरू हो गये है। जैसलमेर में मंदिरों में विशेष चहल पहल देखी जा रही है। इसके अलावा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान और राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की स्थगित परीक्षाएं फिर से करवाये जाने की अनुमति दी गई है।

0000

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी आज से देशभर में 11 दिवसीय तिरंगा यात्रा निकालेगी। इस दौरान केन्द्र सरकार के कुशल नेतृत्व और सशस्त्र बलों के पराक्रम के बारे में लोगों को बताया जाएगा। 23 मई तक चलने वाली इस यात्रा में पूर्व सैनिक और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। प्रदेश में तिरंगा यात्रा को लेकर आज भाजपा प्रदेशअध्यक्ष मदन राठौड जयपुर में पार्टी कार्यालय में बैठक करेंगे।

0000

प्रदेश आज वर्ष 2008 में जयपुर में हुए श्रृंखलाबद्ध बम धमाकों के दिवंगतों को श्रद्धाजंलि अर्पित कर रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने धमको में मारे गये नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि 13 मई 2008 का दिन न केवल मानवता पर गहरा आघात है, बल्कि सामूहिक संवेदनशीलता और शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व की भावना पर भी कुठाराघात है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने इस घटना के मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में हुए निवेश समझौतो के कियान्वयन से राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। कल श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में समिट के तहत अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में हुए एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि उन्हें सरकार की तरफ से पूरा सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार और निवेशकों के बीच समन्वय के लिए प्रत्येक परियोजना के अनुसार एक–एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। वे तय समय में परियोजना का पूर्ण होना सुनिश्चित करेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बनाने में नवीकरणीय ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में बताया गया कि राइजिंग राजस्थान समिट के तहत 66 दशमलव 4 गीगावाट क्षमता की पवन तथा हाइब्रिड परियोजनाओं की स्थापना के लिए 31 एमओयू हुए हैं।

0000

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कल फागी पंचायत समिति में उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने सभी विभागों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। श्री बैरवा ने कहा कि अधिकारी क्षेत्र के लंबित विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

0000

नागौर में एक सड़क हादसे में कल दो लोगों की मृत्यु हो गई। यह हादसा डेह कस्बे से करीब दो किलोमीटर आगे हुआ, जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। मोटरसाईकिल सवार पिता और पुत्र एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए डेह से लाडनूं जा रहे थे तभी यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

0000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर कल भी जारी रहा। इसके असर से कई स्थानों पर आंधी चली और बारिश हुई। हनुमानगढ़ मे कल शाम अंधड आया। इससे कई जगह पेड उखड़ गये और आवागमन बाधित हुआ। पाली में मूसलाधार बारिश हुई। जयपुर, अलवर, दौसा और आसपास के इलाकों में भी तेज अंधड के साथ बरसात हुई। इस बीच दिन में विभिन्न स्थानों पर तेज गर्मी का असर रहा। सबसे अधिक 42 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस तापमान बीकानेर में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आज से पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने की संभावना है। इससे तापमान में बढोतरी होगी। विभाग ने आज जयपुर, सीकर, अलवर और दौसा जिलों तथा आस–पास के क्षेत्रों में कहीं–कही बादल गरजने, बारिश होने और 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटें की रफ्तार से हवायें चलने की संभावना व्यक्त की है।

0000